कार्यालय– प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक–2560 / 12-1 :देहरादूनः दिनांकः 14- जून, 2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमांऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषय :– जनपद चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेड़ा जमरेड़ी व क्रान्तेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.760 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/42256/2019)

संदर्भ :– आपका पत्रांक 2988 / 12–1(2) दिनांक 13.05.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के द्वारा प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 12–01–2024 के अनुपालन में सूचना प्रेषित की गई है। उपलब्ध करायी गई सूचना अपूर्ण है। प्रकरण में निम्नानुसार सूचना उपलब्ध करायी जानी है:–

1–भारत सरकार के उक्त पत्र दिनांक 12–01–2024 के बिन्दु संख्या–4 की सूचना चाही गई सूचना के अनुरूप नहीं है। अपलोड KML का अवलोकन कर स्पष्ट सूचना प्रेषित की जाय।

2–भारत सरकार के उक्त पत्र दिनांक 12–01–2024 के बिन्दु संख्या–5 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रकरण का ऑनलाईन परिवेश पोर्टल के अवलोकन से दृष्टिगत हो रहा है कि अभी भी दो भिन्न परियोजनओं हेतु चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र प्रस्पर Overlap हो रहे हैं, जिनको सही नही किया गया है। उक्त का गूगल चित्र प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया है।

उक्त से प्रतीत होता है कि भारत सरकार द्वारा विषयांकित प्रकरण पर इंगित आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना की के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन से दृष्टिगत हो रहा है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण चयनित समरेखण से इतर किया गया है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार कमियों का निराकरण कर परिपूर्ण सूचना यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि सूचना ससमय भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या–2560 / 12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट (चम्पावत)।

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।